राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय - 03

वैयक्तिक भिन्नताएँ

कार्यपत्रक - 03

1. अक्सर यह कहा जाता है कि कोई भी दो व्यक्ति बिल्कुल एक जैसे नहीं होते हैं; वे एक दूसरे से किसी न किसी रूप में भिन्न हैं। अपने परिवेश से उदाहरणों का उपयोग करते हुए "वैयक्तिक भिन्नताएँ " की अवधारणा की व्याख्या कीजिए।

2. किसी भी स्वास्थ्य देखभाल सेवा केंद्र से कम से कम 50 लोगों की ऊंचाई (सेमी/इंच) एकत्र कीजिए। आँकड़ों को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए और आँकड़ों को निरूपित करने वाला एक आलेख तैयार कीजिए। आलेख/ग्राफ़ के पैटर्न को देखें और उस पर टिप्पणी कीजिए।

3. “अनुवांशिक और वातावरण के तथ्यों की अन्तः क्रिया से व्यैक्तिक भिन्नताएं घटित होती हैं |” दिए गए कथन पर चर्चा कीजिए।

4. परीक्षण किए जा रहे व्यक्ति के बारे में निष्कर्ष निकालने के उद्देश्य से उपयोगी होने के लिए, यह आवश्यक है कि परीक्षण विश्वसनीय, वैध और मानकीकृत हो। एक आकलन उपकरण के तीन महत्वपूर्ण गुणों - विश्वसनीयता, वैधता और मानकीकरण - की व्याख्या कीजिए।

5. बुद्धि को विभिन्न परिभाषाएँ दी गई हैं। बुद्धि की कोई तीन परिभाषाएँ लिखिए और समझाइए कि वे एक दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं।

6. बुद्धि भागफल के सूत्र का उपयोग करते हुए, निम्नलिखित प्रश्नों में चरों की गणना कीजिए:

- एक व्यक्ति की मानसिक आयु 13 वर्ष और सीए 10 वर्ष है, इस व्यक्ति के आईक्यू की गणना कीजिए।
- रेणु 7 वर्ष की है और उसका आईक्यू 105 है। रेणु की मानसिक आयु (एमए) की गणना कीजिए। (दशमलव के बाद के अंकों पर ध्यान न दें)।

7. निम्नलिखित परीक्षणों का पूर्ण रुप लिखिए और यह भी बताएं कि वे क्या मूल्यांकन करते हैं;

    - DAT
    - GATB
    - ASVAB

8. हम सभी दैनिक जीवन में 'व्यक्तितत्व' शब्द का प्रयोग करते हैं। लेकिन मनोविज्ञान में, व्यक्तितत्व की कुछ अनूठी परिभाषाएँ और दृष्टिकोण हैं जो इसे समझाते हैं। 'व्यक्तितत्व' शब्द का अर्थ और व्यक्तितत्व के विभिन्न दृष्टिकोणों की व्याख्या कीजिए।

9. व्यक्तितत्व का मूल्यांकन एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है। आपकी राय में, व्यक्तितत्व मूल्यांकन की कौन सी विधि सबसे विश्वसनीय है? कारणों सहित अपने उत्तर का समर्थन कीजिए।

10. निम्नलिखित परीक्षणों को स्वयं वर्णित मापक, प्रक्षेपी मापक, अवलोकन मापक में वर्गीकृत कीजिए -

    - न्यूरोटिसिस्म, एक्स्ट्रावर्जन, ओपननेस- पर्सनालिटी इन्वेंटरी
    - थीमेटिक ऐपेरसेप्शन टेस्ट
    - बेल एडजस्टमेंट इन्वेंटरी,
    - मास्लो सिक्योरिटी-इनसिक्योरिटी इन्वेंटरी,
    - मल्टीफैसिक पर्सनैलिटी इन्वेंटरी,
    - रोर्शच इंक ब्लॉट टेस्ट